हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 अप्रैल 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 सहायक रिटर्निंग, नोडल और सेक्टर ...

07 होम वोटिंग के पहले दिन जिले के बुजुर्ग और दिव्यांग ...


## खबर संक्षेप

### मतदान दलों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर एवं संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बुधनी एवं इछावर में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा मतदान दलों का गठन कर मतदान दलों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित कर दी गई है। यह प्रशिक्षण पूर्व में 29 अप्रैल को होने वाला था जिसे अब 2 मई को पूर्व निर्धारित स्थान, समय एवं कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 अप्रैल तथा 1 मई को होने वाला प्रशिक्षण यथावत रहेगा। माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण पूर्व घोषित 4 मई को ही आयोजित किया जाएगा। 3 मई को कोई भी प्रशिक्षण आयोजित नहीं है।

### मोबाइल उपयोग की गाइड लाइन जारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किए गए शासकीय सेवक ही मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए शासकीय सेवक ही अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होंगे। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिए मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को भी वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही मोबाइल के उपयोग की अनुमति होगी। अन्य कोई भी मोबाइल उपयोग नहीं कर सकेगा।

### आईआईटी : प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर।** आईआईटी इंदौर में पीजी प्रोग्राम एमटेक और एमएस (रिसर्च) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही अलग-अलग विभागों में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन भी बुलाए गए हैं। गेट स्कोर के आधार पर एमटेक और एमएस में एडमिशन होंगे। खास बात यह है कि इसके लिए दो केटेगरी बनाई गई हैं। पहली केटेगरी टीचिंग असिस्टेंट और दूसरी नॉन-टीचिंग असिस्टेंट की हैं। नॉ-टीचिंग असिस्टेंट केटेगरी में आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 मई है।

### खाते में पैसा नहीं आने के कारण किसान हो रहे परेशान, उधार लेकर चला रहे काम

# समर्थन मूल्य पर उपज बेची, किसानों का 337 करोड़ का भुगतान अटका

### समर्थन पर उपज बेचने वालों की व्यथा 55 हजार किसान बेच चुके हैं गेहूं, ईपीओ ही जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मैं बाबूलाल, पोते की शादी की तैयारियां करनी है। समर्थन केंद्र पर पर गेहूं बेचा, लेकिन खाते में रुपए नहीं आए, ऐसी व्यथा श्यामपुर के जहीर खां की है, जिन्होंने 80 क्विंटल गेहूं 25 मार्च को बेचा था, 1 लाख 92 हजार रुपए में से 58 हजार कम आए। पता नहीं कब आएंगे। भांजी की शादी है, रुपयों की व्यवस्था कैसे होगी? पता नहीं। ऐसे ही बाबूलाल और जहीर जैसे जिले में सैकड़ों किसान है, जिन्होंने अपनी उपज मार्च-अप्रैल में समर्थन केंद्र पर बेची थी, लेकिन किसी के आधे रुपए लाए तो किसी के खाते में एक ढेला तक नहीं।

जिले की बात करें तो अभी भी 337 करोड़ का भुगतान होना बाकी है। इधर किसानों का कहना है कि वह उधार लेकर काम चला रहे हैं। बैंकों की किश्त देना है लेकिन समय पर पैसा ही खातों में नहीं आ पा रहा है। जिले में 231 समर्थन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। अभी तक 55 हजार से अधिक किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। इन किसानों को 1089 करोड़ रुपए का भुगतान होना है लेकिन अभी तक 752 करोड़ का भुगतान ही हो सका है।

**पोते की शादी लेकिन उपज बेचने के बाद भी नहीं मिले पैसे :** कांकरखेड़ा इछावर के बाबूलाल ने 4 अप्रैल को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया था। उसने बताया कि 60 क्विंटल गेहूं का विक्रय किया गया था लेकिन अभी तक खाते में एक भी रुपया नहीं आया है। अभी भी खाते में रुपए कब तक आएंगे, कहा नहीं जा सकता। उधार लेना पड़ रहा है। खुद के स्तर से की व्यवस्थाएं: बाबूलाल ने बताया कि पोते की शादी के लिए तैयारियां करना था, लेकिन खाते में रुपए ही नहीं आए। इसलिए खुद के स्तर से व्यवस्थाएं करना पड़ी। अभी भी यह तय नहीं है कि शादी तक खाते में रुपए आ जाएंगे।



#### लक्ष्य 7 लाख टन गेहूं का, 4 लाख ही खरीदा गया

रही है वह काफी कम हुई है। करीब 7 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य था लेकिन अभी तक यह 4 लाख 54 हजार टन ही खरीदा जा सका है। इसका कारण यह भी है कि मंडी में इस बार अधिक भाव मिल रहा है।

#### 1.34 लाख का तो भुगतान हुआ लेकिन 58 हजार अभी भी बाकी

श्यामपुर के किसान जहीर खां ने 80 क्विंटल गेहं समर्थन पर बेचा। 25 मार्च को केंद्र पर पहुंचकर गेहूं का तौल कराया था। 1 लाख 92 हजार रुपए का भुगतान होना था लेकिन अभी भी 58 हजार रुपए खाते में कम आए हैं। यह राशि कब तक आएगी कहा नहीं जा सकता।

**यह हो रही समस्या:** जहीर खां ने बताया कि घर में भांजी की शादी है। इसके लिए तैयारी करना है लेकिन भुगतान पूरा नहीं हो सका है। इसी तरह ट्रैक्टर की किश्त हर 6 माह में जमा करना पड़ता है। 5 मई को 1 लाख 49 हजार रुपए बैंक में जमा होना हैं, लेकिन इसकी व्यवस्था अभी नहीं हो सकी है।

#### मंडी में तत्काल भुगतान, भाव भी 2400 रुपए क्विंटल

जिन किसानों के पास गेहूं की क्वालिटी अच्छी है वह तो मंडी ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं। इसका कारण यह है कि उन्हें यहां पर 2400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक मिल रहे हैं। अधिक रेट मिलने के साथ तत्काल भुगतान के कारण भी मंडियों में भीड़ हो रही है। जिन किसानों को पैसे की सख्त जरूरत है वह समर्थन पर उपज न बेचकर मंडियों में बेच रहे हैं।

**55 हजार किसान बेच चुके हैं उपज :** इस बार जिले में 88 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से 55 हजार 845 किसान गेहूं समर्थन मूल्य पर बेच चुके हैं। अभी खरीदी के लिए समय तो है, लेकिन किसान कम पहुंच रहे हैं।

#### 70 फीसदी भुगतान हो चुका

70 फीसदी भुगतान हो चुका है। अब बहुत कम पेमेंट बचा है। खरीदी के लिए अभी केंद्र खुले हैं। 4 लाख 54 हजार टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

**आकाश चंदेल,** सहायक आपूर्ति अधिकारी

## जमीन विवाद में भाई ने बेटे के साथ मिलकर कर दी भाई की हत्या



**रेहटी।** जिले के रेहटी क्षेत्र में एक ग्रामीण की जमीन विवाद को लेकर उसी के बड़े भाई और उसके बेटे ने हत्या कर दी। पुलिस ने रात 10 बजे के लगभग एफआईआर दर्ज की है और शुक्रवार सुबह 5 बजे हत्या के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक शिवलाल जांगड़ा निवासी रेऊगांव ने थाना रेहटी में पुलिस को जानकारी दी कि उसके दो नाती सुनील और गोविंद है। उसके पास शासकीय कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि है। वर्तमान में सुनील और गोविंद का जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। सुनील गौतमपुरा कॉलोनी रायसेन में परिवार सहित रह रहा है। गुरुवार शाम को रेऊ गांव में सुनील आया, उसने बड़े भाई गोविंद से कहा कि कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि में से मुझे मेरा हिस्सा दे दो। इसी बात पर दोनों का एक किराना दुकान के सामने झगड़ा हो गया। विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। इसके बाद गोविंद व उसके पुत्र निलेश ने मिलकर कुल्हाड़ी बल्लम और डंडे से सुनील को सिर, मुंह, पीठ और हाथ तथा पैरों में मारपीट कर चोट पहुंचाई। जिसकी उसे सूचना मिली थी।

सूचना पर वह मौके पर पहुंचा वहां हरीश गोर व राजेंद्र गौर दोनों बीच बचाव कर रहे थे। अन्य लोग भी खड़े थे। तब उसने देखा की सुनील को बहुत अधिक चोट लगने से रोड पर बहुत सारा खून फैल गया है और सुनील को शरीर पर आई चोट के कारण मौके पर ही बेहोश था। तभी मौके से गोविंद व उसका लड़का निलेश हाथ में कुल्हाड़ी, डंडे लेकर नर्मदा नदी की ओर भाग गया। इस दौरान किसी ने 108 एंबुलेंस को बुला लिया। इसके बाद सुनील को एंबुलेंस में रेहटी अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में गोविंद और नीलेश ने मिलकर सुनील की हत्या की है। इस सूचना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में सब इंस्पेक्टर नंदराम अहिरवार का कहना है कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शुक्र तारा अस्त : मई और जून में नहीं होंगी शादियां, जुलाई में सिर्फ 7 दिन ही श्रेष्ठ मुहूर्त

### 61 साल बाद अक्षय तृतीया पर भी नहीं होंगी, 50 करोड़ का कारोबार होगा प्रभावित



**सीहोर।** इस बार दो माह से अधिक समय तक शहनाई की गूंज सुनाई नहीं देंगी। मई और जून महीने में विवाह नहीं होंगे। इतने लंबे समय तक विवाह पर ब्रेक लग जाने से व्यापार पर खासा प्रभाव पड़ने की संभावना है। व्यापारियों के अनुसार दो माह में करीब 50 करोड़ का कारोबार प्रभावित होगा। दरअसल पंचांग के अनुसार शुक्र तारा अस्त होने से दो महीने से अधिक समय तक विवाह नहीं हो सकेंगे। वहीं जुलाई में सिर्फ 7 दिन ही विवाह के मुहूर्त हैं।

सबसे बड़े मुहूर्त अक्षय तृतीया पर भी पंचांग के अनुसार विवाह मुहूर्त नहीं है। ऐसी स्थिति 61 साल बाद बनी है। पंडित हर्षित शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए जुलाई महीने में 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों में विवाह किए जा सकेंगे। इसके बाद विवाह के लिए फिर से लोगों को तीन माह का इंतजार करना होगा। नवंबर महीने में 22, 23, 25 और 27 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद दिसंबर महीने से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

#### 2 माह तक करना पड़ेगा इंतजार

इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। हर साल इस अबूझ मुहूर्त में ढेरों शादियां होती हैं, लेकिन इस साल शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण शादी का एक भी मुहूर्त नहीं है। पंडित हर्षित शास्त्री की मानें तो 61 साल के बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय तृतीया पर विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्य नहीं किया जा सकेगा। विवाह के लिए 28 जून को शुक्र ग्रह उदय होगा। इसके बाद ही विवाह के लिए मुहूर्त निकलेगा। पंडित शास्त्री के अनुसार 16 जनवरी से 31 जनवरी के बीच विवाह के लिए 9 मुहूर्त थे। इसमें ढेरों शादियां हुई। 14 मार्च को सूर्य मीन राशि में गया। इसी साथ ही खरमास शुरू हुआ जो 15 अप्रैल तक रहा। 18 अप्रैल और 26 अप्रैल तक विवाह के लिए सिर्फ 6 श्रेष्ठ मुहूर्त थे। 1 मई से शुक्र ग्रह अस्त हो रहा, जो कि 2 जुलाई को पश्चिम दिशा में उदय होगा। इसी तरह 7 मई को गुरू ग्रह अस्त हो रहा है, जो कि 1 जून को उदय होगा। अक्षय तृतीय का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा।

### पीपीसीए सीहोर ने अरेरा क्लब भोपाल को 68 रन से हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर इन दिनों सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर के अलावा भोपाल और इंदौर से आई एक दर्जन टीम शामिल हुई थी, शुक्रवार को प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में पीपीसीए सीहोर ने भोपाल की दिग्गज टीम अरेरा क्रिकेट क्लब को 68 रन के विशाल अंतर से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इस मैच के दौरान सीहोर के उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नवनीत सोनी ने 40 गेंद पर 43 रन और शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट का दोहरा प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए सीहोर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए थे। इसमें अराव मसीह ने 76 गेंद पर 72 रन, हरफनमौला खिलाड़ी नवनीत सोनी ने 40 गेंद पर 43 रन, आदिल खान ने 22 गेंद पर 23 रन, कनिष्क ने 19 और योगेश ने 11 रन की पारी खेली। वहीं अरेरा क्लब भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए सिद्धांत ने तीन विकेट, समर्थ-अर्जुन शुक्ला ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की पूरी टीम मात्र 24 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। इसमें अरनव ने 38 रन, पियुष ने 18 रन और अनिनल ने 10 रन बनाए थे। पीपीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवीनत ने तीन विकेट, अक्षय-नैतिक ने दो-दो विकेट, लक्की-दीपेश सेन ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने मतदान की शपथ ली



**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर जिले में प्रतिदिन विविध स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी श्रृंखला में शनिवार को पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित कर सभी सदस्यों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। साथ ही हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नागरिकों को जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान का आव्हान किया।

### धनिशा को मिले 90 प्रतिशत अंक



**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में स्थानीय गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा बड़ागाँव निवासी धनिशा जैन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। छात्रा की इस सफलता पर परिजनों, इष्टमित्रों व स्कूल परिवार द्वारा बधाई देते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन सुचारू एवं निष्पक्ष हेतु नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का दूसरे चरण का प्रशिक्षण 29 अप्रैल को जिला पंचायत सभा कक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित होगा। उक्त प्रशिक्षण सत्र के संबंध में नोडल (माइक्रो आब्जर्वर) पवन स्वर्णकार ने बताया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन के क्रम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी 165- सुसनेर द्वारा नामांकित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहेंगे। जिन्हे राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान किसान

**सीहोर।** कृषि उपज मंडी अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों में बनी रहती है। कभी यहां अतिक्रमण तो कभी सब्जी विक्रेताओं की मनमानी के मामले सामने आते हैं। कभी ई-मंडी में परेशान किसान अब एक और मामला प्रकाश में आया है। जहां लहसुन प्याज मंडी में कुछ हम्मालों की मनमानी से किसान परेशान हैं। किसानों से कुछ हम्माल शेड में जगह के नाम पर मनमानी राशि वसूल रहे हैं।

### मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे, स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे

# आज पहली बार नलखेड़ा पहुंचेंगे सीएम डॉ मोहन यादव, मां बगलामुखी के दर्शन कर विधि विधान से करेंगे पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को पहुंचेंगे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। डॉ यादव का मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम बार नलखेड़ा आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री सुसनेर के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात दोपहर 3 बजे हेलीकॉप्टर से मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचेंगे। जहां उनका भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर गर्भ गृह में बैठकर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माता रानी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री मां बगलामुखी मंदिर से हेलीकॉप्टर द्वारा भोपाल के लिए 3.20 बजे पश्चात रवाना होंगे। गौरतलब है कि डॉ यादव मां बगलामुखी के अनन्य भक्त है और वे यहाँ कई बार आकर दर्शन पूजन व हवन अनुष्ठान कर चुके हैं।

### सुसनेर में मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा आज



राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सुसनेर में लोकसभा चुनाव को लेकर जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री यादव दोपहर 12 बजे मिडिल स्कूल ग्राउंड पहुंचेंगे। जनसभा में भाजपा प्रत्याशी नागर के साथ ही भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे।

#### कलेक्टर-एसपी ने किया हेलीपेड स्थल का निरीक्षण

हेलीपेड स्थल व मुख्यमंत्री के मंदिर पर रहने के दौरान की व्यवस्थाओं का कलेक्टर, एसपी व अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शनिवार दोपहर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, एसपी विनोदकुमार सिंह ने पुलिस, राजस्व, नगर परिषद एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मां बगलामुखी मंदिर पर व्यवस्थाओं का जायजा हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया।

## नाबालिग का अपहरण कर ज्यादती करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की हिरासत में

### मुखबिर की सूचना पर ग्राम बीजला से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

फरियादिया द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण करने की रिपोर्ट करने पर थाना भैरूंदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिग बालिका की शीघ्र पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा दस्त्याबी के लिए निर्देशित किया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए गठित टीम द्वारा विवेचना के दौरान 24 घंटे में नाबालिग की दस्त्याबी की जाकर उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता से पूछताछ के आधार पर प्रकरण अन्य धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया गया। प्रकरण में घटना का मुख्य आरोपी मनीष बाछनिया पिता गौरेलाल बाछनिया 21 साल निवासी कांटाफोड जिला देवास घटना दिनांक के पश्चात से ही फरार था। जिसे मुखबिर सूचना पर ग्राम बीजला से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई अभी जारी है।

**खबर संक्षेप**

## संवीक्षा उपरांत कुल 9 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21-देवास के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरांत 09 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। जानकारी के अनुसार महेन्द्र सिंह सोलंकी भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र राधाकिशन मालवीय इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, राजेन्द्र सिंह चोखुटिया बहुजन समाज पार्टी, रामप्रसाद आजाद समाज पार्टी एडवोकेट विदयराज मालवीय सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया, हेमराज पूनमचन्द बामनिया पब्लिक पोलिटिकल पार्टी, इंजी. दीपक रमेश चन्द्र विचित्र निर्दलीय, नितिन वर्मा निर्दलीय तथा बनेसिंह अस्ताया निर्दलीय के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए हैं।

## एडमायर एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**देवास।** एडमायर एकेडमी शिक्षण संस्था में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित करते हुए शत-प्रतिशत अंत प्राप्त किए। विद्यालय की भाविका जोशी ने 91 प्रतिशत एवं अनुश्री पंचोली ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष रही। इसके अलावा श्रेयांशी चावडा, श्रेया शेंगोकर, अभिनय कुशवाह, मंडिका मेंडोर, जान्हवी चौधरी ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की।

### लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

# सहायक रिटर्निंग, नोडल और सेक्टर अधिकारी दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें: मोहन राज

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करना सुनिश्चित करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मोहन राज केपी (आईएएस) ने संसदीय क्षेत्र देवास में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस प्रेक्षक डॉ केतन बालीराम पाटिल(आईपीएस), व्यय प्रेक्षक बालाजी(आईआरएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, सहायक रिटर्निंग अधिकारी देवास बिहारी सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सोनकच्छ संदीप शिवा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हापटपीपल्या प्रवीण प्रजापति, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक मोहन राज केपी (आईएएस) ने कहा कि निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी और सेक्टर अधिकारी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से करें। आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराये, शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी समय पर भेजे। चेक पोस्टों पर लगातार चेकिंग कार्यवाही जारी रखे। निर्वाचन आयोग द्वार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदातों को मतदान के संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाही कर लें। मोहन राज केपी ने कहा कि निर्वाचन में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करें। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जा रहे है। आदर्श मतदान केन्द्रों सुसज्जित कर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं की जायेगी। मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं में विशेष रूप से पीने के पानी की सुविधा, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग आदि व्यवस्थाएं की जा रही है। चिन्हित मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की जायेगी। गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकर करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल एप के माध्यम से मिल रही सभी शिकायतों का त्वरित और समय पर निराकरण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ संपत उपाध्याय ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई जायेगी।

# विधानसभा बागली के लिए हुआ मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन




**देवास।** निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 28-खण्डवा अंतर्गत विधानसभा बागली के लिए मतदान कर्मियों का रेण्डमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक देबाशीष दास की उपस्थित में संपन्न हुआ। रेण्डमाइजेशन में मतदान दलों का गठन किया गया है। सामान्य प्रेक्षक देवाशीष दास ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस दौरान वाणिज्यकर अधिकारी योगेश जाटवा, लाईजनिंग अधिकारी रोहित श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी बागली आनंद मालवीय, जिला सूचना अधिकारी मनीष खत्री मौजूद थे।

# मनुष्य शरीर पाकर ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता: धामेश्वरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी की 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 5 मई तक श्रीराधा गोविंद धाम, गणेश मंदिर राजाराम नगर में शाम 7:30 से 9:30 बजे किया जा रहा है।

देवास के राजाराम नगर में चल रहे प्रवचन के प्रथम दिवस देवी ने शास्त्रों के प्रमाणस्वरूप बताया, कि 84 लाख प्रकार की योनियों में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि भगवान ने मनुष्यों को ज्ञान शक्ति दी एवं कर्म करने की शक्ति प्रदान की। इससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। उन्होंने कहा अगर मनुष्य देह पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नहीं किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा मनुष्य देह देवदुर्लभ होता है।

इसी मनुष्य देह को स्वर्ग के देवता भी चाहते हैं, क्योंकि कर्म करने का अधिकार केवल मनुष्य देह में ही संभव है, अन्य सभी योनियां भोग योनियां हैं। साथ ही यह मनुष्य देह क्षणभंगुर भी है। प्रवचन के अंत में श्री युगल सरकार की आरती हुई। बड़ी संख्या में भक्तगणों ने आध्यात्मिक लाभ लिया। प्रवचन श्रृंखला धारावाहिक होने से प्रतिदिन सुनना अनिवार्य होगा।

## भजन व संगीतमय पाठ के साथ भंडारे का हुआ आयोजन



**देवास।** हर वर्ष की तरह ही इस साल भी हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मोती बंगला स्थित प्राचीन श्री पशुपतिनाथ रूद्र हनुमान मंदिर में शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पंडित प्रीतेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के चलते विशेष रूप से बाबा का विशेष श्रृंगार सुबह किया गया। संगीतमय पाठ प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री, जितेंद्र शर्मा की ओर से संपन्न कराया गया। इस दौरान भजन गायक कलाकारों ने भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति भी दी।जिस पर प्रांगण में उपस्थित भक्त थिरकते रहे। आरती के बाद श्री रूद्र हनुमान जी के प्रांगण में महा प्रसादी भंडारे का आयोजन शुरू हुआ। जो शाम तक जारी रहा। महा प्रसादी ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

# नवागत न्यायाधीशों का जिला अभिभाषक संघ ने समारोह आयोजित कर किया स्वागत, सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला एवं सत्र न्यायालय देवास से विगत दिनों स्थानांतरित हुए न्यायाधीशों के स्थान पर नवीन न्यायाधीशों ने पदभार संभाला। समस्त नवीन न्यायाधीशों का जिला जिला अभिभाषक संघ द्वारा संघ परिसर में समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि सम्मान समारोह के साथ हनुमान जयंती महोत्सव मनाते हुए ईद मिलन समारोह भी हुआ। वर्मा ने आगे बताया कि प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के द्वितीय अति. न्यायाधीश अनुसिंह, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवास उमाशंकर अग्रवाल, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवास राजेन्द्र कुमार पाटीदार, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवास यशपाल सिंह साहब, पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवास अभिषेक गौर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं मुख्य न्यायाधीश मजि. देवास रविकांत सोलंकी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास अंजना यादव, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास निलेन्द्र कुमार तिवारी, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास दीक्षा दोहरे, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड देवास किरण सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड देवास रश्मि अभिजीत मरावी, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड देवास कुंवर युवराज सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के प्रथम अति. न्यायाधीश देवास सौरभ जैन, कुटूम्ब न्यायालय सरिता वाघवानी, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अभिलाषा मरावी आदि का संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा सहित जिला अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष पंकज पड्या, उपाध्यक्ष (महिला) गीता शर्मा, सहसचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला आदि पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत कर व शुभकामनाएं दी। जिला अभिभाषक संघ द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 51 किलो लड्डुओं की प्रसादी का वितरण किया।वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यायालयीन कार्य में न्यायाधीश एवं अभिभाषकों की अहम भूमिका रहती है। देवास के अभिभाषक संघ को हमेशा स्थानांतरित न्यायाधीशों का मार्गदर्शन मिलता रहा है। समस्त अभिभाषाकों को आशा है कि आगे भी आप सभी नवीन न्यायाधीशों का मार्गदर्शन हमें मिलेगा। जिससे अविलम्ब न्यायालयीन कार्य चलता रहेगा। आभार उपाध्यक्ष पंकज पड्या ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता बडी संख्या में मौजूद थे।

# चिमनाबाई स्कूल में टॉपर छात्राओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महारानी चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा में टॉप आई छात्राओं का एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वी की वंदना अमृतलाल पटेल 87 प्रतिशत, तनु कैलाश प्रजापति 87 प्रतिशत, कीर्ति राजेश शर्मा 84 प्रतिशत, हेमलता गिरी गोस्वामी 78 प्रतिशत, रवीना लखनलाल 76 प्रतिशत तथा कक्षा 12वी की वैष्णवी अनिल पाठक 90 प्रतिशत, मेघा गंगाराम मीणा 85 प्रतिशत, राशि संजय पंवार 84 प्रतिशत, पलक संजय कौशल 81 प्रतिशत, प्राची अशोक ठाकुर 72 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य रुचि व्यास ने बताया कि कक्षा 10 वी से 11 में आई छात्राओं के लिए सभी संकाय की डेमो क्लास का आयोजन किया गया है इसके अंतर्गत छात्राएं किसी भी विषय की क्लास में बैठकर विषय के बारे में अपनी समझ बना सकते है।

## आबकारी विभाग ने सोनकच्छ में कार से अवैध मदिरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया



**देवास।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त सोनकच्छ में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए एक कार से 48 केन विदेशी मदिरा बीयर एवं 100 पाव देसी मदिरा प्लेन के जब्त कर चालक राजेंद्र पिता कमल निवासी सोनकच्छ को गिरफ्तार कर एक प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत दर्ज किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 04 लाख 63 हजार 240 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक निधि शर्मा, आबकारी आरक्षक विकास गौतम, दीपक तटवाड़े शामिल थे।

# एमसीएमसी कक्ष और चेक पोस्टों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 28-खण्डवा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक अमित चन्द्र सुनाल ने एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक देवाशीष दास ने एमसीएमसी कक्ष में न्यूज चैनलों के मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए चामुण्डा कॉम्पलेक्स में तीसरी मंजिल पर एमसीएमसी में न्यूज चैनलों/ समाचार पत्र में निर्वाचन संबंधी समाचारों, आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित समाचारों व पेड न्यूज की सघन मानीटरिंग की जा रही है। निर्वाचन संबंधी कतरनों का संकलन भी किया जा रहा है। व्यय प्रेक्षक अमित चन्द्र सुनाल ने बागली और चापड़ा में चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एसएसटी से की गई कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी ली और चेक पोस्ट की व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### 11 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन 2 मई से

# 11 पवित्र नदियों के जल से निकाली जाएगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मां चामुंडा की पावन नगरी देवास में साकेतवासी श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर गरुड़ दासजी महाराज के शिष्य श्री कृष्ण गोपालदास महाराज पंचमुखी धाम आगरोद, 108 श्री दामोदरानंद महाराज, 108 श्री मनमोहनदास भिंड, 108 श्री भरतदास महाराज बालाजी धाम रुणिजा के सानिध्य में मालीपुरा स्थित ज्योतिबा फुले चौराहे के पास 11 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का दिव्य आयोजन 2 से 8 मई तक किया जा रहा है। इस महायज्ञ में अन्य स्थानों से संत-महात्मा भी हम सभी को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए पधारेंगे। काशी के विद्वान आचार्य पंडित श्री पुष्कर पांडे एवं सहयोगी आचार्य के द्वारा यज्ञ संपादित होगा।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन समिति के वासुदेव परमार ने बताया, कि यज्ञ के शुभारंभ पूर्व 2 मई को सुबह 10 बजे से मालीपुर स्थित गणेश मंदिर से 11 नदियों के पवित्र जल से बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 7 से 5 बजे तक होगा। शाम 6:30 बजे महाआरती की जाएगी। यज्ञ-हवन के पश्चात संत-महात्माओं द्वारा अल्प समय प्रवचन सत्संग होगा। 4, 5 एवं 6 मई को शाम 7:30 से 10:30 तक महू के शर्मा बंधुओं द्वारा नानीबाई मायरा की संगीतमयी प्रस्तुति दी जाएगी। महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य यज्ञमण्डप की तैयारियां की जा रही है। धर्मप्रेमियों को इस सात दिवसीय महायज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह समिति द्वारा किया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के राहुल हरोडे ने दी।

# स्किल कैंप में छात्राओं ने सीखे ब्यूटी और वेलनेस के संबंध में टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




महारानी चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में चल रहे स्किल कैंप में शनिवार को छात्राओं ने ब्यूटी एंड वेलनेस के टिप्स सीखे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी प्रियंका दुबे व उनकी टीम ने छात्राओं के बीच जाकर थ्रेडिंग व फेशियल का प्रायोगिक ज्ञान दिया। छात्राओं ने बड़ी ही उत्सुकता व उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भागीदारी की व प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। ब्यूटीशियन राखी शर्मा जो कि इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा भी थी उन्होंने बहुत ही प्रभावी तरीके से छात्राओं को ब्यूटी टिप्स दिए व कम समय मे सेल्फ मेकअप करने की ट्रिक बताई।

अतिथि के रूप में पधारी विद्यालय की पूर्व प्राचार्य दिव्या निगम ने विद्यालय में स्कील केम्प के अंतर्गत चल रही गतिविधियों पर प्रसन्नता जाहिर की ।

आयोजित हुए कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पधारी सिंगावदा की पूर्व प्राचार्य उर्मिला शर्मा ने योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक विधि से नेचुरल मेकअप संबधी ब्यूटी टिप्स दिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कोडिंग में टॉप रही चल रही छात्राओं का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में चल रही कोडिंग क्लास में चिमनाबाई विद्यालय टॉप रहा है। इसके लिए कोड योगी संस्था दिल्ली ने विद्यालय प्राचार्य को फोन पर बधाई दी। अतिथियों का स्वागत निशा सिंह, मीनलराज भदौरिया, किरण खिंची ने किया। अतिथियों का परिचय ज्ञानेश्वरी पटले ने किया। स्वागत भाषण विद्यालय की प्राचार्य रुचि व्यास ने दिया। कार्यक्रम संचालन मंजू चौधरी ने किया तथा आभार श्रमिता नामदेव ने माना।

## खबर संक्षेप

### 1 मई को होगी मतदाता जागरुकता कार्यशाला

**आष्टा।** निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप देवास संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला 1 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश अनुसार एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने मां कृष्णा धाम आश्रम मालीपुरा पर आयोजित की है। बुधवार 1 मई को प्रातः 10 बजे से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला मां कृष्णा धाम आश्रम मालीपुरा पर आयोजित की गई है। जिसमें 335 बूथों के बीएलओ,समस्त पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, नगरपालिका के वार्ड प्रभारी तथा ग्राम कोटवार आदि करीब एक हजार शासकीय कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी को मार्गदर्शित किया जाएगा।

### परीक्षा में फेल होने पर एक बालिका ने खाया जहरीला पदार्थ

**आष्टा।** आष्टा के बेदाखेड़ी गांव में एक छात्रा ने एक छात्रा ने दसवीं में फेल हो जाने पर जहरीला पदार्थ खा लिया खा लिया। गांव से सीहोर रेफर किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल भेज दिया गया वहां पर उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोनकच्छ के बडा मुरनिया निवासी छात्रा है, आष्टा के बेदाखेड़ी गांव में अपने नाना नानी के यह आई थीं। कुछ दीन पूर्व ही परीक्षा में फेल होने पर खाया जहरीला पदार्थ । छात्रा बेदाखेड़ी की भानेज बताई जा रही है। छात्रा ने ऐसा कदम क्यों उठाया जांच की जा रही हैआष्टा नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया है कि बेदाखेड़ी गांव में छात्रा दिव्यांनी पिता राजेश ठाकुर निवासी बड़ा मुरनीया थाना पीपलरावा जिला देवास ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसे भोपाल के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां इलाज दौरान मौत हो गई। थाना आष्टा लगता है लेकिन भोपाल में मौत हुई है इसलिए पोस्टमार्टम वही होगा। अभी परिजनों से बात नहीं हुई है परिजन देवास में रहते हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोकतंत्र को मिल रहा है बुजुर्गों का आशीर्वाद

# होम वोटिंग के पहले दिन जिले के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

जिले के 1463 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोपाल, विदिशा एवं देवास संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए में 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। सीहोर जिले के 1463 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 140 मतदान दलों का गठन किया गया है, जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर मतदान दलों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान कार्य करा रहे हैं।





#### होम वोटिंग का विकल्प देने वाले विधानसभा वार मतदाता

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। जिले के कुल 1463 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इसमें 18-विदिशा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा बुदनी 289 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 190 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 99 मतदाता दिव्यांग हैं तथा विधानसभा इछावर में 195 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 178 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 17 मतदाता दिव्यांग हैं। इसी प्रकार 19-भोपाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीहोर में 271 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 190 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 81 मतदाता दिव्यांग हैं। इसी प्रकार 21- देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा आष्टा में कुल 708 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 576 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 132 मतदाता दिव्यांग हैं।



#### होम वोटिंग के लिए दलों की संख्या

विदिशा, भोपाल एवं देवास संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली जिले की चारो विधानसभा के लिए 140 मतदान दल होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। बुधनी विधानसभा में 48, इछावर विधानसभा में 27, सीहोर विधानसभा में 25 तथा आष्टा विधानसभा 40 मतदान दल 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग की कार्यवाही सम्पन्न कराएंगे।

#### लोकतंत्र को मिला बुजुर्गों का आशीर्वाद

चाहे किसी की उम्र 90-95-100 वर्ष की हो या कोई बिस्तर में हो, किसी को चलने या अन्य किसी प्रकार की तकलीफ हो, परन्तु उनमें लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने का जज्बा कायम है और उन्होंने आज पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा इस विधानसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। मतदान दल द्वारा उनके घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतपेटी में मतदान कराया गया। भोपाल संसदीय क्षेत्र के सीहोर विधानसभा के अन्तर्गत सीहोर नगर तिलक पार्क में मतदान दल 100 वर्षीय सिंगार बाई, बासपुरा कस्बा निवासी 100 वर्षीय जमीला बी तथा ब्राम्हणपुरा निवासी 85 वर्षीय मूलचंद के घर पहुंचा। मतदान दल द्वारा इन तीनों बुजुर्ग मतदाताओं और उनके परिजनों को मतदान की प्रक्रिया समझाई गई और उसके पश्चात सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई। सिंगार बाई, जमीला बी और मूलचंद ने पोस्टल बैलेट में अपने मनपसंद अभ्यर्थी को वोट किया, और उसे मतपत्र को मतपेटी में डाला। इन बुजुर्ग मतदाताओं और उसके परिजनों ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

# 79 लोगों की आंखों की जांच कर 37 मोतियाबिंद रोगियों को किया चिन्हित

### ऑपरेशन के लिए किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय सिविल अस्पताल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें 179 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से 37 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया ।जिन्हें सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पहुंचाया गया।

उक्त जानकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण राज्य के जिला सचिव वरिष्ठ डॉक्टर अतुल उपाध्याय ने देते हुए बताया कि इस नेत्र शिविर में 28 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया।साथ ही 56 मरीजों को दवाईयां दी गई।निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी.डी. सोनी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।

मरीजों की आंखों की जांच नेत्र चिकित्सा सहायक सुरेश सेन और रविन्द्र गोस्वामी के द्वारा की गई। मोतियाबिंद के चिन्हित नेत्र रोगियों को सदगुरु सेवा समिति आनंदपुर के बहन से ऑपरेशन हेतु भेजा गया तथा ऑपरेशन के पश्चात उन्हें वापस सिविल अस्पताल आष्टा में छोड़ा जाएगा।

### सरला धारवां का निधन



**आष्टा।** माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ राजमल धारवां एडवोकेट की धर्मपत्नी एवं राधाकृष्ण धारवां एडवोकेट की पूज्य भाभी जी, सुरेश धारवां, मुकेश धारवां की पूज्य काकी जी, धीरज धारवां, नितिन धारवां की पूज्य माता जी एवं प्रिंस अनुराग धारवां, विनायक धारवां की पूज्य दादी जी श्रीमती सरला धारवां का शुक्रवार 26 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया । जिनकी अन्तिम यात्रा निज निवास स्थान लाल कोठी शांतिनगर से मुक्तिधाम पर पहुंची। वहां उनके पुत्रों धीरज, नितिन धारवां एवं पौत्र प्रिंस अनुराग धारवां एवं विनायक धारवां ने मुखाग्नि दी। सरला धारवां के निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, नगीनचंद जैन, शमीम जहीरी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र परमार, परवेज अली, ज्ञानसिंह ठाकुर, अनिल मालवीय, तेजसिंह भाटी, प्रसन्न बनवट, दिलीप सेठी, ललित नागौरी, महेंद्र मूंदड़ा, संतोष झंवर,उप महाप्रबंधक विद्युत मंडल अजय कुमार वाधवानी, कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू , लोकेंद्र धारवां, अनिल झंवर आदि ने शौक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों ने किया जागरूकता

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित विभागों, शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये गये। इसी श्रृंखला ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जनपद आष्टा के ग्राम मरूखेडी एवं जनपद इछावर के ग्राम दिवडिया की दीदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत रंगोली एवं मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बैलगांव कर्नाटक से आए श्रद्धालुजनों ने मुनि संघ को श्रीफल भेंटकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरुदेव ने पिच्छिका कमंडल दिया और महावीर स्वामी के मार्ग पर चलना सिखाया। हमें किसी की आवश्यकता नहीं।डर पापों से रखें, अन्य से नहीं। कलंक,कलर,कल्हा से बचने हेतु मौन रहें। कोई हानि नहीं होती, बोलने से हानि हो सकती है, मौन रहने से नहीं।हम से दोष या गलती हुई है, उसे स्वीकार करें।कठोर, कड़क भाषा बोलने से बीस साल से बोलचाल बंद हो गई।अंधे के बेटे अंधे होते हैं, यह बोलने पर महाभारत भारत में हुई थी। कटु शब्द नहीं बोले। समाज में बिखराव का कारण कटु वचन बोलना है। कोई कठोर शब्दों को बोल रहा है तो मौन रहोगे तो विवाद नहीं होगा।सौ बोलने वाले भी एक के मौन रहने से शांत हो जाते है। मीठा बोलने से शांति मिलेगी।आज संयुक्त परिवार नहीं, पड़ोसी को बुलाकर बातचीत करते हैं। संवाद होना चाहिए, जिंदगी में संवाद बंद नहीं होना चाहिए। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि सागर महाराज ने कहा मौन सभी वाद - विवादों से बचाता है।मौन भी एक दवा है।तन सुखी तो मन सुखी,मन सुखी तो जीवन सुखी।अध्यात्म में मौन की बड़ी महत्ता बताई गई है ।मौन साधना सबसे बड़ी साधना होती है। बोलना चांदी जैसा है मौन रहना सोने के समान है। सात जगह मौन रहना चाहिए। भोजन, पूजन, ,लघु शंका, दीर्घ शंका, वमन, भोग। मुनि सागर महाराज ने कहा किसी से वाद विवाद की स्थिति में मौन रहना चाहिए ,एकांत स्थान में मौन साधना ही सबसे अच्छी होती है ।मौन में वह ताकत है जो हम बोल बोल के भी प्राप्त नही कर सकते।मौन को मूल्यवान निधि बताई गई है। मौन रहकर की गई साधना कभी निष्फल नही होती। बकने वाले को कभी विद्या नही आ सकती, सामयिक में भी मौन ही रहना होता है ।सम भाव का रहना ही सामायिक है । सामयिक में मौन ही श्रेष्ठ होता है ।मौन अवस्था में हम आत्मा की आवाज सुन सकते है। आदिनाथ प्रभु मौन रहे,बारह वर्षो तक बाहुबली मौन रहे।जो मौन हो जाते है उनका चिंतन बहुत उत्कृष्ट होता है। ज्ञानी जनो ने मौन की महिमा बताई है।हमे किसी की जरूरत नहीं ,हमारी किसी को जरूरत हो तो स्वागत है।

## जीवन में मित्र होना चाहिए, शत्रु नहीं: सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जीवन में मित्र होना चाहिए, शत्रु नहीं। स्मरण प्रभु का करते हैं,भक्त का नहीं। हम आयु के बल पर जी रहे हैं। एक समय खाएं वह योगी, दो समय खाएं वह भोगी और जो बार-बार खाएं वह रोगी है। साल भर में 48 पर्व आते हैं। आहार लें और कभी-कभी उपवास भी किया करें, शरीर उत्कृष्ट रहेगा।

उम्र घटती है तो इंद्रियां काम कम करने लगती हैं, इसलिए कम खाएं। व्रत बड़े ही होते हैं, वृत्ति छोटा हो सकता है। व्रत ले तो वह टूटना नहीं चाहिए। व्रतों को नहीं छोड़ना चाहिए, पापों को छोड़ना चाहिए। यह बातें नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजित मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि काशी में करवट लेने से कैलाश नहीं मिलेंगे, बल्कि उनकी आराधना, भक्ति करने पर मिलेंगे। कषाय में क्या है, क्षमा करके देखें उसमें अपार ताकत रहती है। मंदिर आने से धर्म और पुण्य बढ़ता है, कषाय गलती है, पापों का क्षय होता है। एक आत्मा है दूसरी परमात्मा। मरते समय णमोकार महामंत्र बोले, अहंकार नहीं करें। साधु अपने शिष्यों को छोड़कर आगे निकल जाते हैं। संसारी प्राणी हैं साथ रहो, कुटुम्ब के साथ रहे। जो अकेला है वह क्या समाधि मरण करेंगा। जीने की भावना, मरने की भावना आएं। समाधि भावना हो, राग द्वेष हटाएं। समाधि मरण के दौरान राग नहीं होना चाहिए। भोगों को स्मरण नहीं करें। यह शरीर भी आपका नहीं है।

सम्यक समाधि मरण करें। जिनराज से भावना भाएं। मुनि सागर महाराज ने कहा कि जिस समय यह शरीर साथ नहीं देगा, उस समय देहांत का समय नजदीक होगा, केवल अंतिम समय में ही नहीं जीते जी भी भगवान को याद रखना बहुत बड़ा कार्य होता है। जीवन भर पढ़े पाठों की कठिन परीक्षा होती है। समाधि,धर्म की चिंता भावना भव नाशिनी होती है। राज छोड़ना बहुत सरल है राग छोड़ना कठिन है।

### झरखेड़ा में संपन्न हुआ पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

# महामंडलेश्वर केशव दास की उपस्थिति में 10 जोड़ों का हुआ विवाह






हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

झरखेड़ा में पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजित हुए विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े का विवाह पूर्ण विधि-विधान और रिति रिवाज से संपन्न कराया गया। महामंडलेश्वर केशव दास जी महाराज के मार्गदर्शन और आचार्य हजारी जी प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार सीहोर व उनकी टीम द्वारा वैदिक रीति रिवाज से खोडल धाम झरखेड़ा में संपन्न हुआ। आयोजित हुए सामुहिक विवाह सम्मेलन के अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन पाटीदार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद पड़ोसी मनोहर जागीरदार, जीतमल पाटीदार, रामेश्वर बारोड, महावीर पाटीदार, विष्णु बेलावत सहित समाज के वरिष्ठ जन की उपस्थिति में सफल आयोजन हुआ। सर्वोत्तम सरदार पटेल जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में संपन्न आयोजित किया गया। समिति के सदस्यों के परिश्रम से सफल हुआ। आयोजन के अवसर पर बर वधु को सभी समाज जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। ग्राम वासियों के सहयोग और समिति के रविंद्र पाटीदार, विष्णु प्रसाद पटेल, चंद्रशेखर पटेल, कैलाश पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, तुलसीराम पाटीदार, हेमराज पाटीदार, सुरेश पाटीदार महेश पाटीदार, देवकरण पाटीदार, दिनेश और अंकित पाटीदार सहित अन्य का सहयोग रहा।

# विकास कार्यों से कोसों दूर नगर परिषद जावर रहवासी हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर के वार्ड 8 और 9 के रहवासी कीचड़ और गंदगी में रहने को मजबूर हैं। न सही से रोड हे न पानी का इंतजाम है। बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी रहवासियों को होती है। कई बार तो जरा सा पानी गिर जाने पर कीचड ही कीचड नजर आता है। बनखेड़ा, भाटी खेड़ा, मंडी जाने वाले वा स्कूल के बच्चे इसी रास्ते का उपयोग करने को मजबूर है। जिन्हे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण कुमेर सिंह मालवीय ने बताया कि कई बार हम नगर में चुने हुए प्रतिनिधि को यह के हालत से अवगत करा चुके हैं। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं देते हैं। इस ओर ना ही नगर परिषद ध्यान दें रहा है।

पिछले साल की तुलना में इस बार बोर्ड परिणामों में शासकीय स्कूलों में भी आया सुधार

# प्रदेश और जिले की मेरिट में आए बच्चों को कलेक्टर दीक्षित ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित किए गए हैं। इन नतीजों में कुछ बच्चों ने जहां प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान पाया है, वहीं कुछ जिले की मेरिट लिस्ट में आए हैं। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने शुक्रवार दोपहर प्रवीण सूचियों में आए सभी बच्चों को कलेक्ट्रेट बुलवाकर अपने हाथों से सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आगामी समय में जीवन में काम आने वाली महत्त्वपूर्ण बातें भी बताई।

## सरदार पटेल ने दोहराया सतत सफलता का इतिहास

कक्षा दसवीं में कुल 26 बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी प्राप्त की गई तथा 12वीं में कुल 66 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष सुधा देवी सिंह यादव एवं स्कूल संचालक डॉक्टर कमल आलोक प्रसाद वह विद्यालय प्राचार्य लतेश प्रसाद तथा शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा सभी छात्र छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सफल विद्यार्थी के परिवार को शुभकामनाये एवं बधाई प्रेषित की।

कक्षा दसवीं की अपेक्षा शर्मा 87.6 प्रतिशत, मुस्कान यादव 86.8, तनु यादव 85, संदीप सौंधिया 84.8, कृष्ण गोविंद गौड़ 83.6, तनिषा भिलाला 83.2, निखिल शिवहरे 79.8, मुस्कान यादव पिता राजू 74.6, देवेन्द्र यादव पिता हेमराज 73.4, गिरिराज तंवर 72.2, रानू यादव 71.8, आकाश राजपूत 70.2, देवेन्द्र यादव पिता लखन 69.8, पूनम कुमावत 67.4, लव विश्वकर्मा 67, अभिषेक यादव 66.4, अमन अलोक प्रसाद -66.2, प्रशांत ओझा 65.6, अजय तंवर 65.6, विष्णु सोंधिया 65.6, अयान नागर 65.2, अरुण विश्वकर्मा 65, साधना वाल्मीकि 63.2, संदीप भिलाला 63.2, भगवान सौंधिया 63, संतोश सौंधिया 62.4 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12वीं की तरुण साहू 88.8,. पुनित यादव 88, पृथ्वीराज शर्मा 87.8, कृष्णा यादव 87.8, दीपक यादव 86.8, प्रवीण कुमार यादव 85.4, सुहानी गोड 85.2, अली असगर सैफी 85, विधि दागी 84.4, विशेष पालीवाल 84, स्वाती यादव 83.8, सलोनी यादव 81.8, राशिका चौधरी 80.8, शिवम चौरसिया 80.4, मुकुंद अग्रवाल 79.8, नेहल सेन 79.6, अतुल कुमार जाटव 79.6, नेहल यादव 79, देवदीप शर्मा 78.21, सभ्यता शाक्यवार 78, शिवम मेहरा 78.22, खुशी मालवीय 75.2, अरुण ओझा- 74.6, लक्ष्य गुप्ता 74.4, साजिद अहमद जावेद 74.2, आस्था पालीवाल 74, तानिया अटेरिया 72.8, ब्रेटली सोनी 72.8, देवशर्मा 71.2, ओम चौधरी 71, पलक यादव 71, सार्थक तिवारी 70.8, राजदीप राजपूत 70.4, यशिका राठौर 70.4, उर्मिला तंवर 70.2, हरषिकेश शर्मा 69.2, वरुण लश्करी 69, रुद्रांश पांडे 69, राधा रमन शर्मा 68, कुलदीप जाट 68, श्रीनाथ दांगी-67.4, मीत उपाध्याय 66.8, साहिल हुसैन 66.8, रंजना यादव- 66.4, मृणाल मजूमदार - 66.4 प्रतिशत, ईश्वर पवार 66, गौरव सोलंकी-65.61, प्रवीण गोस्वामी - 65.6, रवीना दांगी - 65.6, निमेष शर्मा 65, मुस्कान यादव-64.8, अमन उपाध्याय-64.8, मनीष नागर 64.6, सत्यम गौतम - 64.4, विशाल दांगी -63.8, रोशन कुमार जोशी -63, धर्मेंद्र कुशवाह 63, मयंक साहू 62.8, सागर सौंधिया 61.4, कृष्ण सोलंकी- 61, सौम्या बर्किया 61, मुस्कान साहू 60.8, मनीष विश्वकर्मा 60.4, वैष्णवी राजपूत - 60, मयंक शिवहरे 60, विशाल सिंह सौंधिया ने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## ब्यावरा पब्लिक के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव




शहर की अग्रणी संस्था ब्यावरा पब्लिक के छात्रों ने 12वीं एवं दसवीं के बोर्ड परिणामों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। 12वीं के विज्ञान संकाय में सम्मलित 54 विद्यार्थियों में से 45 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में कला संकाय में 26 विद्यार्थियों में से 17 प्रथम एवं 6 द्वितीय श्रेणी में एवं कृषि विज्ञान संकाय में 30 विद्यार्थियों में से 26 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर संस्था को गौरवान्वित किया है। कला संकाय में तनीषा मीना ने 91.80 से प्रथम एवं रेणुका सोंधियां ने 89.80 के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं विज्ञान संकाय में गोविन्द यादव ने प्रथम स्थान 88. 40,मीनाक्षी मीना 88 प्रतिशत कि साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कृषि संकाय में धनराज सोंधियां ने 87.60 अंकों के साथ प्रथम एवं दिलराज सोंधियो ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

## कामर्स विषय के साथ नगर में प्रथम रही अंजलि




कुरावर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेहतर रहा। नगर के मध्यवर्गीय परिवार की अंजलि साहू पिता अशोक साहू ने कक्षा 12वीं कामर्स विषय के साथ 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे नगर में प्रथम रही। अंजलि के माता -पिता छोटी सी जर्नल स्टोर्स की दुकान चलाते है। बेटों की इस उपलब्धी पर पूरे साहू परिवार तथा शिक्षकों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने पर बधाई दीं गई।

## एमटीएम के विद्यार्थियों ने भी हासिल की सफलता




नगर के एमटीएम हायर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने भी हमेशा की तरह बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। डॉ मुकेश मारू ने इस इस सफलता का विद्यार्थियों की मेहनत बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारी पड़ सकती है लापरवाही, बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# सड़कों पर खुले रखे दर्जनों ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

शहर में दो दर्जन से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर सड़क किनारे खुले में रखे हैं, जिनसे हरदम हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार थाने के सामने रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से वहां हड़कंप मच जाता है। लेकिन इसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सुध नहीं ली है।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग हर महीने मेंटेनेंस का कार्य चलने की बात करता है, लेकिन जमीन से सिर्फ एक फुट ऊंचे खुले



ट्रांसफार्मर को सुरक्षित व व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। ओल्ड एबी रोड,पुरानी सब्जी मंडी, थाने के सामने सहित अन्य स्थानों पर ट्रांसफार्मर में ढक्कन तक नहीं है और बायर भी खुले हुए हैं। यहां बच्चों, रहवासियों, राहगीरों सहित जानवरों के करंट में झुलसने का खतरा बना हुआ है। वहीं कुछ स्थानों कुछ फुटपाथी दुकानदार ट्रांसफार्मर के पास ही अपनी अस्थाई दुकान लगा रहे हैं। जिससे दुकानदार और ग्राहकों की जान का खतरा बना रहता है।

## थोड़े ही आंधी तूफान में गुल हो जाती है बिजली

### मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

लोगों का कहना है कि लगभग सभी जगह मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति होती है। थोड़ी ही आंधी तूफान में बिजली गुल हो जाती है। मेंटेनेंस के लिए घंटों तक बिजली बंद रखी जाती है। जब मौसम बिगड़ता है तो डालियां बिजली के तारों, केबल आदि पर गिरने सहित अन्य कारणों से बिजली गुल होती है।

### पेड़ों के सहारे बिजली की मोटी केबल

कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की काफी मोटी केबल पेड़ों के सहारे खिंची हुई है। कुछ स्थानों पर कई बड़े पेड़ तारों की ओर झुके हुए है और पेड़ों के गिरने व डालिया टूटने से तारों को क्षति पहुंच सकती है। हादसा व बिजली प्रवाह प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में तेज हवाओं आंधी के बीच इस तरह की स्थितियां कई स्थानों पर बन भी चुकी है। कुछ दिन पहले हुई बारिश व और आंधी के चलते रात में करीब 2 घंटे लगातार बिजली गुल रही थी।

### इनका कहना है...

खुले ट्रांसफार्मरों की जानकारी मांगी गई है, जल्द ही खुले ट्रांसफार्मर को बंद किया जाएगा। रही बात बिजली की तो हवा आंधी के कारण दुर्घटना न हो इसलिए कुछ देर के लिए सप्लाई रोक दी जाती है।

**मनोज इंवाती, कनिष्ट यंत्री सारंगपुर**

## पंडित दिलीप भार्गव लोकसभा प्रभारी नियुक्त, दी बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष एंव प्रकोष्ठ प्रभारी जीतू जिराती की सहमति व संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ नितेश शर्मा की अनुशंसा पर पंडित दिलीप भार्गव ब्यावरा को लोकसभा राजगढ़ का लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। भार्गव भाजपा के कर्मठ, ईमानदार कार्यकर्ता है, इससे पूर्व भी कई पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करते आए हैं। उनकी ईमानदारी, कर्मठता ओर पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए भाजपा ने उन्हें राजगढ़ लोकसभा प्रभारी बनाया है। दिलीप भार्गव को लोकसभा प्रभारी बनाया जाने पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, गोतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिलामहामंत्री पंडित अमित शर्मा प्रियंका मीना सहित लोकसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्तओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस दौरान भार्गव ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मुझे जो जिम्मेदारी दी उसे मे खरा उतरने की कोशिश करूँगा।

हजारों की संख्या में सभा स्थल पर अमित शाह को सुनने पहुंचे लोग

# आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकलवाएं : शाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे के लगभग हेलीकॉप्टर द्वारा खिलचीपुर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में स्टेडियम प्रांगण में सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रत्याशी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि दिग्विजय सिंह बड़े आदमी हैं, इन्हें इनकी शान के अनुसार बहुत बड़ी लीड से हराइये। आगे बोले की याद रखिएगा आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकले। राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा रामलला टेंट से निकलकर मंदिर में पधारे, कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी को निमंत्रण भिजवाया वे नहीं गए और दिग्गी भी नहीं गये वो कांग्रेस के वोट बैंक से डरते हैं।

### सभा प्रांगण में कार्यक्रम के पहले तेज हवा से उड़े तंबू

शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब होने के कारण तेज हवा और कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हो रही थी, जिसके चलते कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले ही तंबू तेज हवा के कारण उड़ गए। जिन्हें व्यवस्थापकों ने पुनः सुधार कर व्यवस्था बनाई।

### मौसम खराब होने के बावजूद शाह को सुनने लोगों की उमड़ी भीड़

सुबह से ही मौसम खराब होने के बावजूद भी भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद रहे और बड़े जोर-शोर से व्यवस्था को बनाने में लग रहे। वहीं पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को टाइट सिक्योरिटी कर संभाला। जिले भर की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।

नगरवासियों ने नपाध्यक्ष से रखी मांग

## नालियों के मच्छरों को मारने अर्से से नहीं चली फॉगिंग मशीन

**राजगढ़।** दो दिवस पूर्व 25 अप्रैल को ही जिले भर में विश्व मलेरिया दिवस पर अनेकों जागरुकता गतिधियां आयोजित कर मच्छरों से जुड़ी बीमारियों एवं निदान आदि के बारे में बताया गया है। इधर राजगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों की नालियों में महीनों से फॉगिंग मशीन से स्प्रे का छिड़काव नहीं करवाया गया है। ऐसे में मच्छरों की समस्या से रहवासी परेशान हैं। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से मांग रखी है कि ज्यादा मच्छरों की समस्या वार्डों में प्रमुखता के साथ मच्छरों को मारने का स्प्रे चलवाया जाए ताकि लोग मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों से बच सके।

### इधर, मलेरिया दिवस पर हुआ संकल्प कार्यक्रम

विश्व मलेलिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के खिलाफ लड़ाई तेज करते हुए उसके उन्मूलन के लिए सामुहिक स्वच्छता को अपनाते हुए मच्छर एवं इससे होने वाली बीमारियों को समाप्त किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी डीपी पटेल ने बताया कि मलेरिया राकने के लिए पूरे सप्ताह कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मैदानी अमले द्वारा दीवार लेखन, समूह बैठक, एसएमएस एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं जैसे महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत आदि के साथ संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

खोयरी रोड राजगढ़ के एसी वाले हनुमान मंदिर में हो रहा है निर्माण कार्य

## एसी वाले महाकाल मंदिर निर्माण के लिए हजारों भक्तों ने किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



खोयरी रोड पर एसी वाले हनुमान के नाम से प्रसिद्ध मंदिर समिति ने भगवान को एसी में रखने का जो जिम्मा उठाया था वह तो पूरा कर दिया। अब मंदिर प्रबंधन समिति एक कदम आगे बढ़ाते हुए इसी मंदिर प्रांगण में एसी वाले महाकाल मंदिर का निर्माण करा रही है। जिसके लिए भक्तों से खुले मन से दान की अपील की गई थी। समीति का कहना है कि नवरात्री से लेकर हनुमान जयंती तक हजारों भक्तों ने एसी मंदिर के निर्माण के लिए खुले मन से दान किया है और आगे भी भक्त अपना सहयोग इसी तरह बनाए रखें। उल्लेखनीय है कि समिति ने मात्र 11 रूप्ए की राशि दान स्वरूप भेंट करने की अपील की थी जिसको महाकाल के भक्तों ने खूब सराहा है।

खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटे बेटियों के विवाह पर जोर दिया

# गुर्जर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 जोड़े एक दूजे के हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर



माचलपुर नगर में क्षत्रिय गुर्जर समाज का 12वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को पोलखेड़ा रोड़ के पास आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 49 जोड़े एक दूजे के हो गए। मंच पर गुर्जर समाज के इष्ट भगवान देवनारायण की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक एकता एवं खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बेटे बेटियों के विवाह करने पर जोर दिया गया। वहीं अन्य सामाजिक कुरीतियां को छोड़ने पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए।

सम्मेलन में विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजन में राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राजगढ़ जिला पंचायत के कृषि समिति अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर, पूर्व मंडी अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर,पूर्व मंडी अध्यक्ष हरीसिंह चाड,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पटेल बलवंतसिंह गुर्जर, गौशाला उपाध्यक्ष पटेल मदनसिंह गुर्जर, दिलीप सिंह चाड़ सहित सांसद रोडमल नागर,पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, सम्मेलन समिति अध्यक्ष देवसिंह गुर्जर, नवयुवक समिति अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, ज्ञानसिंह अध्यापक, बालूसिंह पंचायत सचीव, सुरेंद्रसिंह चाड, लालसिंह पंचायत सचीव लाल सिंह, पोसवाल आदि द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में अन्य समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा भी तन मन से सहयोग किया गया।

## पाटीदार समाज का 38 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन




**सारंगपुर।** पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। पाटीदार समाज द्वारा 38 वां विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ का अकोदिया रोड उप जैल के सामने स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें वर वधू का एवं समाज जन बरात का समिति द्वारा फूलो से स्वागत किया गया। सम्मेलन में मां उमिया माता की पुजा अर्चना सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष मौहनलाल रावत एंव समाज कै वरिष्ठ जन द्वारा की गई सामुहिक विवाह सम्मेलन में वैदिक पद्धति से संस्कार पंडित सुनील कुमार शर्मा द्वारा संस्कार करवाया गया समिती द्वारा वधु को मां उमिया की चुनरी उड़ाई गई तथा मंगल सूत्र आभूषण दिया गया। इस अवसर पर पाटीदार समाज सारंगपुर की मातृ शक्तियों द्वारा नाश्ता एंव भोजन की व्यवस्था में सहयोग किया गया। आयोजन के दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टैटवाल,नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलैश वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ जन मातृशक्ति पाटीदार समाज के आसपास के सभी पाटीदार समाज जन पाटीदार समाज युवा संगठन के साथी गण के सहयोग से आयोजन सफल हुआ। समिति द्वारा समाज जन एंव सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## अरुण सक्सेना को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

वरिष्ठ समाजशास्त्री अरुण सक्सेना को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो, हिंदी पत्रकारिता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध कार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश द्वारा भोपाल में 24 अप्रैल 2024 को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। पत्रकार अरुण सक्सेना को यह सम्मान विद्यापीठ की प्रबन्ध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर प्रदान किया गया। गौरतलब है कि सक्सेना ने इसके पूर्व एमफिल हेतु अपने शोध प्रबंध विषय- अनुसूचित जाति कन्या शिक्षा के प्रति उनके अविभावको का दृष्टिकोण विषय पर अपना लघुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, जिसे सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, देवेंद्र कुमार जैन, सेवानिवृत्त न्यायधीश मप्र शासन। अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इंदुभूषण मिश्रा, मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथावाचक सुश्री दीपा मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही एवं डॉ किरण बोंगले राष्ट्रीय संयोजक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपाधि लेने वाले 60 प्रतिभागी मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण द्वारा विक्रेता सुनील देखमुख पिता स्व. विश्वासराव देशमुख निवासी ग्राम डी-301, मार्वेल बाउन्टी, केशव चौक बेकलेन ऑफ अमनोरा मॉल, मालवाड़ी पुणे शहर, पुणे (महाराष्ट्र) पिन 411028 के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा क्र. 410/2/1, रकबा 1.557 है0, 411/1/2 रकबा 2.917 है0, 411/23/1 रकबा 1.703 है0, 412/1 रकबा 0.126 है0, 416/7 रकबा 0.637 है0, 416/9 रकबा 0.523 है0, 416/43 रकबा 0.617 है0, 446/3 रकबा 0.031 है0, 455/3 रकबा 0.334 है0, 474/3 रकबा 0.345 है0, 481/3 रकबा 0.042 है0, 481/4 रकबा 0.010 है0, 481/5 रकबा 0.105 है0, 519/5 रकबा 0.000 है0, 582/2 (शा.नं. 663/2, 664/2, 666) रकबा 0.428 है0, 582/4 रकबा 0.042 है., 1102/4 रकबा 0.063 है0 1102/5 रकबा 0.146 है0 1175/1 रकबा 0.606 है0, 1180/1 रकबा 0.282 है0, 1182/5 रकबा 0.010 है0, 1183/4 रकबा 0.314 है0, 1215/4 रकबा 0.031 है0, 1216/1 रकबा 0.157 है0, 1217/2 रकबा 0.355 है0, 1217/3 रकबा 0.209 है0 इस प्रकार कुल रकबा 11.590 है0 ग्राम कालापीपल गांव तहसील कालापीपल जिला शाजापुर में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकारगण के पक्ष में विक्रेता द्वारा निष्पादित करा दिया गया है। जिसकी अनुबंध राशि मेरे पक्षकारगण के द्वारा उपरोक्त विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का पंजीयन कराना शेष है। अतएव सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संव्यवहार से यदि किसी बैंक, शासकीय संस्था, अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, किसी व्यक्ति या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे समयअवधि पश्चात् मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन अपने पक्ष में विक्रेता से करा लेवेंगें बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय-**रवीश कुमार सोनी**
पता-जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सीहोर
मोबाईल नंबर 9926390600